भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

कुलसचिव कार्यालय | Office of the Registrar
(राजभाषा प्रकोष्ठ) | **(Rajbhasha cell)**

पत्र संख्या. भा.प्रौ.सं.(का.हि.वि.)/ रा.भा.प्र./3(8)/निरीक्षण 2549 **दिनांक: 15.12.2021**

1. समस्त अधिष्ठातागण
2. समस्त विभागाध्यक्ष/स्कूलो के समन्वयक
3. प्रभारी इकाई/केन्द्र/कार्यालय
4. समस्त आचार्य प्रभारी
5. अध्यक्ष, संरक्षक परिषद
6. अध्यक्ष, वेब मैनेजमेंट एंड ईमेल सर्विसेज समिति
7. चीफ काउंसलर, जिमखाना
8. संयुक्त मुख्य आरक्षाधिकारी
9. समन्वयक, गांधी प्रौद्योगिकी स्नातक केन्द्र
10. संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन)
11. संयुक्त कुलसचिव (लेखा)
12. समस्त सहायक कुलसचिव
13. समस्त कनिष्ठ अधीक्षक

भा.प्रौ.सं.(का.हि.वि.) ।

विषय : हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त करने के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

संस्थान में राजभाषा प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किए गए राजभाषा निरीक्षण के उपरांत उन कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के निर्देश प्राप्त हुए है, जिन्हें हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान नहीं है। ऐसे कार्मिकों का रोस्टर तैयार करके क्रमबद्ध तरीके से शीघ्र प्रशिक्षित किया जाना है। हिन्दी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हिन्दी प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ तथा पारंगत पाठ्यक्रम पत्राचार के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से हिन्दी में प्रशिक्षित किया जाता है।

अतः इस संबंध में, मुझे आपसे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि आप अपने विभाग/स्कूल/अनुभाग/इकाई में ऐसे सभी कार्मिकों (नियमित शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक कर्मचारी) का विवरण प्रेषित करने का कष्ट करें, जिन्हें हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान नहीं है। उक्त विवरण संस्थान के राजभाषा प्रकोष्ठ को संलग्न प्रपत्र में भरवाकर दिनांक 30.12.2021 तक अवश्य भिजवाने का कष्ट करें।

नोट- जिन विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों में कार्मिकों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है, उन्हें संलग्न प्रपत्र में विवरण भेजने की आवश्यकता नहीं है। हिन्दी में कार्यसाधक ज्ञान संबन्धित जानकारी संलग्न प्रपत्र में निर्दिष्ट है।

भवदीय,

परेश

सहायक कुलसचिव (सह-हिन्दी अधिकारी, राजभाषा) एवं
सदस्य सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति।

संलग्नक: यथोक्त ।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (का.हि.वि.) वाराणसी।

प्रशिक्षार्थी विवरण का प्रपत्र

कर्मचारी का नाम (हिंदी में) :	Name of candidate (BLOCK LETTERS) :
लिंग (स्त्री/पुरुष/अन्य)	Gender (M/F/Other) :
पिता/पति का नाम (हिंदी में) :	Father's/Husband name :
कर्मचारी का पदनाम (हिंदी में) :	Designation :
मातृभाषा :	Mother tounge :
हिंदी भाषा में ज्ञान का स्तर :	Knowledge of Hindi :
मंत्रालय (हिंदी में) :	Name of Ministry :
विभाग का नाम (हिंदी में) :	Name of Department :
नामित करने वाले अधिकारी का नाम तथा पदनाम :	Name & Designation of the Nominating officer:
कार्यालय का पूरा पता (हिंदी में) :	Full office address :
दूरभाष :	Phone/mobile :
ई-मेल :	E-mail :

नोट: कृपया प्रपत्र को द्विभाषी रूप में भरें।

दिनांक : प्रशिक्षार्थी के हस्ताक्षर

हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान-

यदि किसी कर्मचारी ने-

क) मैट्रिक परीक्षा या उसकी समतुल्य या उससे उच्चतर परीक्षा हिन्दी विषय के साथ उत्तीर्ण कर ली है

या

ख) केन्द्रीय सरकार की हिन्दी परीक्षा योजना के अन्तर्गत आयोजित प्राज्ञ परीक्षा या यदि उस सरकार द्वारा किसी विशिष्ट प्रवर्ग के पदो के सम्बन्ध में उस योजना के अन्तर्गत कोई निम्नतर परीक्षा विनिर्दिष्ट है, वह परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

या

ग) केन्द्रीय सरकार द्वारा उस निमित्त विनिर्दिष्ट कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है

या

घ) यदि वह इन नियमों से उपाबद्ध प्रारूप में यह घोषणा करता है कि उसने ऐसा ज्ञान प्राप्त कर लिया है तो उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है।